# आज चित्रकोट महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ

### एशिया के नियाग्रा चित्रकोट में बिखरेगी संस्कृति की छटा



जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। विश्व प्रसिद्ध और एशिया के नियाग्रा के नाम से विख्यात चित्रकोट जलप्रपात के पावन तट पर आगामी 18 फरवरी से दो दिवसीय चित्रकोट महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। राज्य शासन और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सहयोग से आयोजित इस रजत महोत्सव का उद्घाटन समारोह 18 फरवरी को संध्या 04 बजे चित्रकोट जलप्रपात ग्राउंड में आयोजित होगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्तर के सांसद महेश कश्यप द्वारा की जाएगी। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव और चित्रकोट विधायक विनायक गोयल अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस महोत्सव के माध्यम से बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन को वैश्विक पटल पर प्रदर्शित करने का प्रयास किया जा रहा है।


उद्घाटन के इस विशेष अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल और जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष वेदवती कश्यप सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह महोत्सव न केवल कला और संस्कृति का संगम होगा, बल्कि स्थानीय लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों के साथ-साथ कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी खेल प्रतियोगिताओं का भी केंद्र बनेगा।

# आज से मां दंतेश्वरी मंदिर में 10 दिवसीय देवी भागवत महापुराण

### बुधवार दोपहर 2 बजे जगन्नाथ मंदिर से निकाली जाएगी मांईजी की शोभायात्रा

### रोज होगा मां दंतेश्वरी की चालीसा का पाठ

### गुरुवार शाम से प्रतिदिन माता की पालकी का भ्रमण




जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आयोजन समिति द्वारा मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में बुधवार से 10 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण शुरू हो रहा है। दोपहर 2 बजे जगन्नाथ मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा प्रारंभ होगी, वहीं शाम 4 बजे अनुष्ठान स्थल में ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ ही प्रतिमा स्थापित की जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा वाचन हेतु बनारस के आचार्य सुमित भारद्वाज जगदलपुर पहुंचे हैं।

श्रीमद् देवी भागवत आयोजन समिति द्वारा दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में लगातार तीसरी बार यह अनुष्ठान आयोजित किया गया है। प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे कथा चलेगी। शाम 6 से 6ः15 बजे तक मां दंतेश्वरी चालीसा का सामूहिक पाठ होगा, तत्पश्चात यज्ञशाला से सिरहासार चौक, गोल बाजार होते हुए लगातार 9 दिनों तक माता के नौ रूपों की पालकी निकाली जाएगी। पालकी के यज्ञशाला पहुंचते ही आरती होगी। उसके बाद प्रसाद वितरीत किया जाएगा। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम किस प्रकार है। अनुष्ठान विवरण 18 फरवरी,बुधवार

कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना, वेदी पूजन, जंवारा रोपण, दंतेश्वरी चालीसा। 19 फरवरी, गुरुवार देवी भागवत महिमा, मां शैलपुत्रे महात्म, हयग्रीव अवतार, दंतेश्वरी चालीसा। 20 फरवरी, शुक्रवार मां ब्रह्मचारिणी महात्म, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती व दुर्गा उत्पत्ति, सृष्टि उत्पत्ति कथा, नवरात्रि विधान नियम, दंतेश्वरी चालीसा। 21 फरवरी 2026, शनिवार मां चंद्रघंटा महात्म, सती चरित्र, राम अवतार, कृष्ण - योगमाया अवतार कथा, दही लूट, दंतेश्वरी चालीसा। 22 फरवरी 2026, रविवार मां कुष्मांडा महात्म, महिषासुर वध, शुभ निशुंभ कथा, देवी कालिका उत्पत्ति, दंतेश्वरी चालीसा। 23 फरवरी, सोमवार स्कंधमाता महात्म, सूर्यवंशी राजाओं की कथा, सुकन्या कथा, हरिश्चंद्र की कथा, मां शाकंभरी कथा, दंतेश्वरी चालीसा। 24 फरवरी, मंगलवार मां कात्यायिनी महात्म, श्री राधारानी की कथा, मां गंगा उत्पति, मां गंगाजी कथा, दंतेश्वरी चालीसा।

25 फरवरी, बुधवार मां कालरात्रि महात्म, तुलसी कथा, शंखचूर्ण दैत्य की कथा, तुलसी महिमा, नरकों का वर्णन, दंतेश्वरी चालीसा। 26 फरवरी, गुरुवार मां महागौरी महात्म, मनसा देवी कथा, रुद्राक्ष उत्पत्ति व महिमा, गायत्री महिमा, दंतेश्वरी चालीसा तथा 27 फरवरी, शुक्रवार मां सिद्धिदात्री महात्म, ललिता सहस्रनाम, दंतेश्वरी चालीसा, कथा विराम, हवन यज्ञ पश्चात भोग प्रसाद वितरण ।

# सुकमा में पूना मारगेम का असर : 22 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



सुकमा, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुकमा जिले में बड़ी सफलता मिली है। जिले में सक्रिय 22 माओवादी सदस्यों, जिनमें एक महिला कैडर भी शामिल है, ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे च्पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवनज् अभियान के सकारात्मक प्रभाव से प्रभावित होकर इन माओवादियों ने हथियार छोड़ दिए। एएसपी रोहित शाह ने कहा कि अंदरूनी क्षेत्रों में नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना, सड़क संपर्क में सुधार और विकास कार्यों के विस्तार से माओवादी संगठन की पकड़ कमजोर हुई है, जिससे सदस्य आत्मसमर्पण के लिए आगे आ रहे हैं। एएसपी ने आत्मसमर्पित सदस्यों का स्वागत करते हुए शासन की पुनर्वास नीति के तहत हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। पुलिस के मुताबिक, डीआरजी सुकमा, जिला बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विभिन्न वाहिनियों की आसूचना शाखा ने आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आत्मसमर्पण करने वाले अधिकांश सदस्य पेद्दाबोडकेल, बेड़मा और आसपास के क्षेत्रों के आरपीसी मिलिशिया व अन्य संगठनों से जुड़े थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जो अन्य भटके युवा हैं, उनके लिए भी आत्मसमर्पण का मार्ग खुला है।

# बेटियों के लिए सजने वाला है खेल का मैदान बस्तर की महिला खिलाड़ी दिखाएंगी दम



### विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

### मैदान पर दिखेगी कड़ी प्रतिस्पर्धा, 20 फरवरी के पूर्व होंगे आयोजित

जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर की खेल प्रतिभाओं और महिला सशक्तिकरण को नई उड़ान देने के लिए महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का बिगुल फूंक दिया गया है। अपर कलेक्टर एवं खेल विभाग ने जिले के सभी जनपद सीईओ को सख्त निर्देश दिए हैं कि 20 फरवरी के पूर्व विकासखण्ड स्तरीय स्पर्धाएं अनिवार्य रूप से संपन्न कराई जाएं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की प्रतिभावान खिलाड़ियों को जिला स्तर पर एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इस वर्ष की प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों, 09 से 18 वर्ष (बालिका) और 18 से 35 वर्ष (महिला) में बांटा गया है। एथलेटिक्स से लेकर दलीय खेलों तक, बस्तर की बेटियां अपनी खेल क्षमता का परिचय देंगी। विकासखण्ड स्तर पर बाजी मारने वाले खिलाड़ी सीधे जिला स्तरीय मुख्य प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की करेंगे।

**एथलेटिक्स से लेकर रस्साकसी तक विजेताओं को मिलेगा जिला स्तर पर खेलने का मौका**

प्रतियोगिता का खाका तैयार कर लिया गया है, जिसमें व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों श्रेणियों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रशासन ने पंजीयन के लिए आधार कार्ड और बैंक खाते के विवरण को अनिवार्य किया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**प्रतियोगिता के प्रमुख आकर्षण**

दौड़ में 100 मीटर एवं 400 मीटर की फर्राटा दौड़। मैदानी खेल में तवा फेंक का रोमांच। दलीय खेल में खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल और रस्साकसी। इंदौर खेल में बैडमिंटन की विशेष स्पर्धाएं होगी। खेल विभाग का कहना है कि हमारा लक्ष्य बस्तर की खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें तराशना है।

# बीजापुर में आज से अखिल भारतीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता

बीजापुर 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। जिले में खेल प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर है। 18 से 20 फरवरी तक मिनी स्टेडियम, बीजापुर में अखिल भारतीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा।

विभिन्न राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा- प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमें भाग लेंगी, जिसमें इनकम टैक्स महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जबलपुर रेलवे, छत्तीसगढ़ पुलिस, साईं तमिलनाडु, उड़ीसा और तेलंगाना के टीमें शामिल है। दर्शकों को रोमांचक और उच्चस्तरीय मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में दमदार सर्व, बेहतरीन ब्लॉक और शानदार स्मैश से मैदान गूंजता नजर आएगा।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, सुरक्षा, मैदान व्यवस्था और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कार्यक्रम में जिले एवं प्रदेश के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ेगी।

# बीमा कंपनी अदा करेगी उपचार व्यय की राशि 1 लाख 60 हजार रुपए

### जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया आदेश



जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में स्टार हेल्थ एंड एलाइड बीमा कंपनी रायपुर द्वारा आवेदक को मृत पत्नी की चिकित्सा व्यय की राशि 1 लाख 60 हज़ार रु एवं मानसिक पीड़ा हेतु 20 हज़ार रु की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि आवेदक द्वारा स्टार हेल्थ एंड एलाइड बीमा कंपनी लिमिटेड रायपुर से स्वयं का एवं अपनी पत्नी का बीमा करवा कर निरंतर रखा गया था। आवेदक की पत्नी का बीमा अवधि के दौरान आकस्मिक निधन हो जाने से आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष मेडिक्लेम प्रस्तुत किया गया था किंतु विपक्ष द्वारा लंबे समय तक दावे का निराकरण नहीं किया गया था और आवश्यक दस्तावेज पेश कर नहीं करने तथा बीमा शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण आवेदक का दावा निरस्त किया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना है कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं किए गए थे अथवा बीमा की किसी शर्त का उल्लंघन किया गया। इस इस संबंध में भारतीय विनयामक एवं विकास प्राधिकरण के जारी परिपत्र में यह माना गया है कि बीमा कंपनियां किसी भी दावे को दस्तावेज के अभाव में निरस्त नहीं करेगी। नियामक द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपभोक्ताओं को केवल उन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है जो सीधे दावा के निपटारे से संबंधित हैं। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 20 रु पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

# क्षितिज-अपार संभावनाएं योजनांतर्गत मेधावी दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रावीण्य सूची जारी

जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। राज्य शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के प्रतिभावान दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित क्षितिज-अपार संभावनाएं योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं की एकीकृत प्रावीण्य सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची का प्रकाशन कार्यालय जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर कर दिया गया है, ताकि संबंधित विद्यार्थी और उनके अभिभावक इसका सुगमता से अवलोकन कर सकें। इस प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विभाग ने किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि होने पर दावा-आपत्ति का अवसर भी प्रदान किया है। यदि किसी भी दिव्यांग छात्र या छात्रा को प्रकाशित की गई इस मेरिट सूची के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वे आगामी 25 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालयीन समय के दौरान जिला पंचायत स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

# धुएँ के गुब्बार में गुम हुई सड़क कचरे की आग से राहगीर परेशान



### दलपत सागर-धरमपुरा मार्ग पर लापरवाही से मंडरा रहा हादसे का खतरा

जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। शहर के दलपत सागर से धरमपुरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर कचरे के ढेर में लगी आग ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आग से निकलने वाला गाढ़ा और काला धुआँ पूरी सड़क पर इस कदर फैल गया है कि दृश्यता (विजिबिलिटी) शून्य हो गई है। हालात यह हैं कि सड़क पर गुजरने वाले वाहन चालकों को सामने से आती गाड़ियां तक दिखाई नहीं दे रही हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। कचरे में लगी इस आग से न केवल दुर्घटना का अंदेशा है, बल्कि जहरीले धुएँ के कारण आसपास के रहवासियों और राहगीरों को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद नगर निगम द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

**निगम जल्दी बुझाए आग**

राहगीरों ने गहरी चिंता जताते हुए निगम से जल्दी आग बुझाए की अपील की। राहगीरों ने कहा कि किसी अनहोनी से पहले आग को बुझाई जाए। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और क्षेत्रवासियों को धुएँ के कारण परेशानी होने के साथ ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

**आवश्यकता है**

**दण्डकारण्य समाचार कार्यालय वृन्दावन बाग, जगदलपुर के मशीन विभाग में एक युवक की आवश्यकता है।**

रात्रि में कार्य करने में सक्षम, कर्मठ, जरूरतमंद पुरूष प्रत्याशी तत्काल संपर्क करें।

वेतन योग्यतानुसार

संपर्क समय
शाम 5.00 से 6.00 बजे तक
प्रबंधक

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com